Alberta

वैसाखी: प्रीमियर स्मिथ का वक्तव्य

14 अप्रैल, 2023

प्रीमियर डैनियल स्मिथ ने इस वक्तव्य को वैसाखी उत्सव के आयोजन को मान्यता प्रदान करते हुए जारी किया है:

"आज वैसाखी है, जो कि सिक्खों के पंचांग (कैलेंडर) का एक बहुत महत्वपूर्ण उत्सव का दिन होता है। हम उन सभी को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देना चाहते हैं जो यह दिन प्रार्थनाओं, उत्सवों और जरूरतमंदों के लिए सेवा के उन निःस्वार्थ कार्यों को करते हुए मनाते हैं, जिन्हें *सेवा* कहा जाता है।

"1699 में, आज ही के दिन, सिक्खों के 10वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज — ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। यह पारंपरिक वसंत ऋतु की फसल की कटाई की शुरुआत करने का भी प्रतीक है। हिन्दुओं और सिक्खों के लिए, आज का दिन भारतीय सौर नव वर्ष की शुरुआत का भी दिन माना जाता है।

"वैसाखी के पर्व में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए हमारी शुभकामनाएं।

"वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह।"

मीडिया पूछताछ

रेबेका पोलाक (Rebecca Polak)
rebecca.polak@gov.ab.ca
डायरेक्टर ऑफ डेली कम्यूनिकेशन्स एंड प्रेस सेक्रेटरी
ऑफिस ऑफ द प्रीमियर

वर्गीकरण: सार्वजनिक